पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने "अग्नि सुरक्षा सप्ताह" का शुभारम्भ किया

लखनऊः 14 अप्रैल, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा आयोजित एक रैली का झण्डा दिखाकर शुभारम्भ किया। पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन सेवा, श्री प्रवीन सिंह ने राज्यपाल के स्टीकर फ्लैग लगाया। राज्यपाल ने इस अवसर पर विभाग की कार्यवाही की जानकारी लेने के साथ उन्होंने खुले विद्युत तारों से होने वाली दुर्घटना को रोकने संबंधी तथा अण्डरग्राउण्ड विद्युत लाइन के बारे में भी कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये। अग्नि सुरक्षा सप्ताह में इस वर्ष का थीम 'सुरक्षित जीवन शैली एवं प्रमाणित विद्युत उपकरण अपनायें' है।

उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल, 1944 को मुम्बई बन्दरगाह पर घटित भीषण अग्निकाण्ड में 66 अग्निशमन कर्मियों ने अपने प्राणों की आहूति दी थी। उक्त अग्निशमन कर्मियों की याद में पूरे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को "अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस" एवं इसी दिन से एक सप्ताह तक "अग्नि सुरक्षा सप्ताह" मनाया जाता है।

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन सेवा, श्री वीरेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

UP41G1546

उत्तर प्रदेश फायर सर्विस
MAN
UP 35 G 0174
ALP 420